# उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक

**Uttar Pradesh Gramin Bank**
**Camp Office- Moradabad**
**Ram Ganga Vihar, Phase- 2, Moradabad**


## निविदा सूचना

उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक
कैंप कार्यालय- मुरादाबाद
रामगंगा विहार, फेस-2, मुरादाबाद

**आवासीय हॉस्टल की आवश्यकता के सम्बन्ध में**

उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक कैंप कार्यालय रामगंगा विहार फेज़- 2 मुरादाबाद के अंतर्गत बने **कार्मिक प्रशिक्षण केंद्र (Staff Training Centre )** पर प्रशिक्षण हेतु आये अभ्यर्थियों (अधिकारी/कर्मचारी) के लिए ठहरने की व्यवस्था के लिए आवासीय हॉस्टल/भवन ,(Ready to Move) जिसमे लगभग 15 कमरे एअर कंडीशन्ड (प्रत्येक कमरे में दो/तीन स्टाफ के रुकने की व्यवस्था ) हों, जो कि हमारे बैंक भवन/अध्ययन केंद्र के लगभग ***1 किमी*** की परिधि में उपलब्ध हों, के लिए सील्ड बन्द निविदाएँ इच्छुक भवन स्वामी/हॉस्टल स्वामी से आमंत्रित की जाती हैं । हॉस्टल/भवन स्वामी का जीएसटी रजिस्टर्ड होना अनिवार्य नहीं है । निविदा प्रपत्र, नियम व शर्तें कैंप कार्यालय में मुख्य प्रबंधक कार्मिक प्रशिक्षण केंद्र राम गंगा विहार फेज 2 मुरादाबाद से प्राप्त किये जा सकते हैं अथवा बैंक की वेबसाईट https://upgbank.com से प्राप्त की जा सकती हैं । निविदाएँ पंजीकृत डाक / स्पीडपोस्ट /कूरियर/स्वयं के माध्यम से भेजे जाएँ । **निविदाएँ प्राप्त होने की अंतिम तिथि 22.07.2025 समय 5:00 PM तक है** निर्धारित दिनांक व समयपश्चात निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी । डाक विभाग / कूरियर कंपनी की वजह से हुयी किसी भी हानि या विलंब के लिये बैंक जिम्मेदार नहीं है । निविदाएँ में तकनीकी बिड (Technicial Bid) तथा आर्थिक बिड (Financial Bid) पृथक – पृथक सील बंद लिफाफे में रु० 100000/- (रु० एक लाख मात्र) की अर्नेस्ट मनी EM-D (FD अथवा DD जो कि उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक मुरादाबाद के पक्ष में हो) सहित दिनांक 22.07.2025 (अंतिम तिथि) सायं 5:00 बजे तक स्वीकार की जाएगी सील्ड निविदा लिफाफे के ऊपर **"आवासीय हॉस्टल में रूम हेतु निविदा (Technicial Bid)"** व **"आवासीय हॉस्टल में रूम हेतु निविदा (Financial Bid)**पृथक – पृथक अवश्य अंकित करें ।

09/07/25

अभिषेक जायसवाल
सहा. महाप्रबंधक
कैंप कार्यालय- मुरादाबाद

उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक
Camp Office Moradabad
UTTAR PRADESH GRAMIN BANK

# उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक
**Uttar Pradesh Gramin Bank**
**Camp Office- Moradabad**

## बैंक द्वारा निर्धारित शर्तें

**Annexure- A**

उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक कैंप कार्यालय रामगंगा विहार फेज़- 2 मुरादाबाद के अंतर्गत बने **कार्मिक प्रशिक्षण केंद्र (Staff Training Centre )** पर प्रशिक्षण हेतु आये अभ्यर्थियों (अधिकारी/कर्मचारी) के लिए ठहरने की व्यवस्था के लिए आवासीय हॉस्टल/भवन, जिसमे लगभग 15 कमरे एअर कंडीशन्ड ( प्रत्येक कमरे में दो अथवा तीन स्टाफ के रुकने की व्यवस्था) हों, जो कि हमारे बैंक/अध्ययन केंद्र के लगभग ***1 किमी*** की परिधि में उपलब्ध हों, के लिए सीलड बन्द निविदाएँ इच्छुक भवन स्वामी/हॉस्टल स्वामी से आमंत्रित की जाती हैं । हॉस्टल/भवन स्वामी का जीएसटी रजिस्टर्ड होना अनिवार्य नहीं है । निविदा प्रपत्र, नियम व शर्तें कैंप कार्यालय में मुख्य प्रबंधक,कार्मिक प्रशिक्षण केंद्र, राम गंगा विहार फेज 2 मुरादाबाद से प्राप्त किये जा सकते हैं अथवा बैंक की वेबसाईट https://upgbank.com से प्राप्त की जा सकती हैं । निविदाएँ पंजीकृत डाक / स्पीडपोस्ट /कूरियर/स्वयं के माध्यम से भेजे जाएँ । निविदाएँ प्राप्त करने की अंतिम तिथि 22.07.2025 समय 5:00 PM तक है । निर्धारित दिनांक व समयपश्चात निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी । सील बंद लिफाफे के शीर्ष पर कार्य का नाम स्पष्ट रूप से दर्शाया जाना चाहिए अन्यथा निविदा प्राप्त नहीं होगी । डाक विभाग / कूरियर कंपनी की वजह से हुयी किसी भी हानि या विलंब के लिये बैंक जिम्मेदार नहीं है । बैंक किसी भी या सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताएँ स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।बैंक की निविदा समिति का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा । निविदा/टेण्डर हेतु प्री-बिड की निर्धारित तिथि 15.07.2025 समय 5:00 PM और स्थान कैंप कार्यालय मुरादाबाद है ।

निविदाएँ में तकनीकी बिड (Technicial Bid) तथा आर्थिक बिड (Financial Bid) पृथक – पृथक सील बंद लिफाफे में रु० 100000/- (रु० एक लाख मात्र) की अर्नेस्ट मनी EM-D (FD अथवा DD जो कि उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक मुरादाबाद के पक्ष में हो) सहित दिनांक 22.07.2025 (अंतिम तिथि) सायं 5:00 बजे तक स्वीकार की जाएगी सील्ड निविदा लिफाफे के ऊपर **"आवासीय हॉस्टल में रूम हेतु निविदा (Technicial Bid)"** व **"आवासीय हॉस्टल में रूम हेतु निविदा (Financial Bid)**पृथक – पृथक अवश्य अंकित करें |

*निविदाएँ, हॉस्टल/भवन के वास्तविक स्वामी से ही स्वीकार की जाएँगी |

| | |
|---|---|
| टैण्डर सन्दर्भ | कैम्प कार्यालय/परिएउ/टेण्डर/ /25 |
| टैण्डर प्रारम्भ की तिथि | 11.07.2025 |
| कार्य का नाम | **"आवासीय हॉस्टल हेतु निविदा "** |
| सुरक्षा जमाराशि | रू0 100000/- (एफ0डी0 या डी0डी0 उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के नामे बंधक) |
| टैण्डर फीस | रू0 500/- (जो वापस नहीं की जाएगी )<br>बैंक का खाता संख्या - 84322149365815,<br>खाता नाम –GENERAL ADMINISTRATION DEPARTMENT PUPGB<br>आईएफएस कोड –PUNB0SUPGB5 |
| प्री बिड बैठक | 15.07.2025, 11:00 AM (यदि कोई संशय/query होगी तो उसका स्पष्टीकरण तीन कार्यदिवस मे दिया जाएगा ) |
| निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 22.07.2025 |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय (टैक्निकल ) | 23.07.2025 समय – 11:00 AM |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय (फाइनेन्सियल ) | 25.07.2025 समय – 3:00 PM |
| निविदा भेजने का पता (बंद लिफाफें में निविदाएँ बैंक के निम्न पते पर भेजे) | **सहा0 महाप्रबन्धक**<br>**उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक,**<br>**कैम्प कार्यालय, मुरादाबाद**<br>**रामगंगा विहार फेज़ – 2,**<br>**मुरादाबाद – 244001** |



उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक Office Moradabad UTTAR PRADESH GRAMIN BANK

1- सील बंद लिफाफे पर निविदाकर्ता का नाम उसके पते के साथ होना चाहिए , टैक्निकल और फाइनेन्सियल बिड के सील बन्द लिफाफे एक बड़े सील बन्द लिफाफे के अन्दर होने चाहिये । बड़े लिफाफे के ऊपर **"आवासीय हॉस्टल हेतु निविदा "** स्पष्ट लिखा होना चाहिए । बड़े सीलबन्द लिफाफे के अन्दर दो लिफाफे सील बन्द जिसमें फाइनेन्सियल बिड हो उसके ऊपर **फाइनेन्सियल बिड** व जिसमें टैक्निकल बिड हो उसके ऊपर **टैक्निकल बिड** स्पष्ट लिखा होना चाहिये । निविदाएँ ई-मेल के माध्यम से स्वीकार नहीं की जाएंगी । जो टैक्निकल बिड्स में सफल होगें उनकी फाइनेन्सियल बिड्स खोली जाएंगी । फाइनेन्सियल बिड में L-1 ठेकेदार / व्यक्ति का निर्धारण फाइनेन्सियल बिड प्रारुप में लिखे कुल धनराशि (जीएसटी अतिरिक्त) के आधार पर किया जाएगा ।

2- भवन स्वामी द्वारा फाइनेन्सियल बिड में दी गयी धनराशि/किराया समस्त व्यय सहित होगा जिसमें सभी प्रकार के व्यय विद्युत , टैक्स व अन्य व्यय सम्मिलित होगें । बैंक द्वारा किराये + जीएसटी के अतिरिक्त कोई अन्य राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा ।

3- आवासीय हॉस्टल स्वामी को EMD टैण्डर सुरक्षा जमाराशि के रूप में रु100000/- (रुपये एक लाख मात्र) की FD/DDउत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, कैंप कार्यालय मुरादाबाद के पक्ष में टैण्डर के साथ जमा करानी होगी । टैण्डर की प्रक्रिया पूर्ण होने पर EMD राशि प्रतिभागियों को वापस कर दी जाएगी तथा L-1 वेंडर (भवन / हॉस्टल स्वामी ) को बैंक द्वारा कायदिश देने पर L-1 भवन स्वामी द्वारा कॉन्ट्रैक्ट अवधि +1 माह अर्थात् 25 माह की एफ.डी. बैंक को सुरक्षा राशि रुपये 100000/- (रुपये एक लाख मात्र ) बैंक के पक्ष में जमा करानी होगी ।

4- निविदा में दी गयी दरें टैण्डर खुलने के 30दिन तक प्रभावी रहेंगी अर्थात् कार्यदिश (workorder) टैण्डर खुलने की तिथि से 30 दिन तक दिया जा सकता है । कायदिश दिये जाने पर ठेकेदार द्वारा कायदिश 05 कार्यदिवस के भीतर स्वीकार कर भवन/हॉस्टल हस्तगत कराना होगा । ऐसा न होने की स्थिति में कायदिश निरस्त कर ठेकेदार द्वारा जमा सुरक्षा जमाराशि जब्त करने का अधिकार बैंक को होगा । बिड में सफल L-1 वेंडर को कायदिश दिया जाएगा तथा L-1 ठेकेदार द्वारा ही कार्य किया जाएगा । L-1 ठेकेदार द्वारा किसी अन्य फर्म/ठेकेदार से कार्य कराये जाने या अन्य को ठेका(कॉनट्रैक्ट) देने की स्थिति में बैंक द्वारा दिया कायदिश निरस्त कर दिया जाएगा व बैंक को सुरक्षा राशि जब्त करने का अधिकार बैंक को होगा ।

5- बैंक द्वारा टैण्डर में दिये गये प्रस्तावित कार्य को बैंक द्वारा घटाया या बढ़ाया जा सकता है ।
6- भवन/हॉस्टल **Ready to move** होना चाहिए ।

7- भवन स्वामी द्वारा, हॉस्टल /भवन के कमरों की मेन्टेनेंस/मरम्मत कराने पर यदि कमरा, स्टॉफ के रुकने की स्थिति में नहीं होगा तो भवन स्वामी को वैकल्पिक व्यवस्था करनी होगी । ऐसा न किये जाने पर बिल राशि में से कटौती करने का अधिकार बैंक का होगा ।

8- आवासीय हॉस्टल/भवन में पूर्णतः सुसज्जित, बड़े एवं हवादार कमरे उपलब्ध होने चाहिए, जिनमें संलग्न शौचालय व स्नानघर (बाथरूम) की सुविधा हो। प्रत्येक कमरे में आवश्यक उपकरण जैसे ड्रेसिंग दर्पण,पंखा, ए.सी.,ताला और चाबी वाली अलमारी,ढक्कनयुक्त कूड़ेदान,आवश्यकतानुसार परदे,पीने के पानी हेतु बोतल/जग तथा गिलास की व्यवस्था करनीहोगी |

9- आवासीय हॉस्टल/भवन में कमरे से संलग्न शौचालय व स्नानघर (बाथरूम) में निम्नलिखित वस्तुएँ भी उपलब्ध होनी चाहिए : दर्पण, बाल्टी, मग, हैंडवॉश, एग्जॉस्टफेन, गीजर अथवा सीधे गर्म पानी की



Uttar Pradesh Gramin Bank Office Moradabad

20- यदि आवासीय हॉस्टल स्वामी या उनके किसी स्टाफ के कृत्य से बैंक को कोई क्षति पहुँचती है तो उसकी क्षतिपूर्ति/हर्जाना जो बैंक निर्धारित करेगा, देगें ।

21- आवासीय हॉस्टल अनुबन्ध दो वर्ष (प्रत्येक वर्ष वार्षिक समीक्षा के आधार पर ) की अवधि का किया जायेगा। जिसे दोनो पक्षकारों की आपसी सहमती से आगामी एक वर्ष के लिए बढाया जा सकता है।

22- आवासीय हॉस्टल किराये का भुगतान कार्मि कप्रशिक्षण केन्द्र को प्रति माह बिलप्राप्त होने पर जाँच उपरान्त व नियमानुसार आयकर की कटौती कर किया जायेगा।बैंक द्वारा बिल का भुगतान देरी से होने पर कोई ब्याज़ नहीं दिया जाएगा ।

23- कार्मिक प्रशिक्षण केन्द्र के अधिकारियों व कार्मिक विभाग के अधिकारियों द्वारा भवन स्वामी के साथ मासिक बैठक की जाएगी व प्रशिक्षणार्थियों की सम्बन्धित शिकायतों / Feedback पर भी विचार कर निराकरण किया जायेगा।

24- आवासीय हॉस्टल की सर्विस/व्यवहार/सफाई आदि में कमी पायी जाने पर बैंक कभी भी बिना किसी नोटिस के अनुबन्ध निरस्त कर आवासीय हॉस्टल को हटा सकता है तथा बैंक को जमा की गयी सिक्योरिटी मनी जब्त करने का अधिकार होगा ।

25- बैंक द्वारा भवन स्वामी को एक माह का नोटिस देकर अनुबन्ध समाप्त किया जा सकता है ।

26- आरंभिक कब्जे के समय हॉस्टल/भवन स्वामी द्वारा परिसर में उपलब्ध फिक्स्चर और फिटिंग, फर्नीचर, उपकरण, सुविधाओं आदि की सूची उपलब्ध करायी जाएगी । बैंक की टीम (स्टॉफ प्रशिक्षण केन्द्र ) परिसर का निरीक्षण करेगी और उसका सत्यापन करेगी।

27- आवासीय हॉस्टल/भवन स्वामी यदि अनुबंध समाप्त करना चाहता है तो उसे बैंक को कम से कम तीन माह का नोटिस देना अनिवार्य होगा। ऐसा न करने की स्थिति में बैंक को उनकी सिक्योरिटी मनी जब्त करने का अधिकार होगा ।

28- बैंक द्वारा प्रस्तावों का भौतिक/स्थलीय निरीक्षण कर निर्णय लिया जायेगा। इस सम्बन्ध में बैंक द्वारा लिया गया स्वेच्छाधिकार निर्णय पर किसी प्रकार का प्रतिवेदन स्वीकार्य नही होगा।

29- बैंक आवश्यकतानुसार किसी एक अथवा एक से अधिक प्रस्तावों को स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

30- उक्त निविदा को किसी भी स्तर पर पूर्ण अथवा आंशिक रूप से निरस्त करने का समस्त अधिकार बैंक के पास सुरक्षित रहेगा । इस सम्बन्ध में बैंक का निर्णय अन्तिम व सर्वमान्य होगा तथा यह किसी रूप मे भी न्यायिक चुनौती योग्य नहीं होगा ।किसी भी विवाद हेतु क्षेत्राधिकार मुरादाबाद होगा ।

31- उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक बिड के चरण में किसी भी छोटी अनौपचारिकता, गैर-अनुरूपता या अनियमितता को माफ कर सकता है जो कि भौतिक विचलन का गठन नहीं करता है, बशर्ते कि ऐसी छूट किसी भी बोलीदाता की सापेक्ष रैंकिंग को प्रतिकूल रूप से प्रभावित या प्रभावित नहीं करती है।

उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक Office Moradabad UTTAR PRADESH GRAMIN BANK

आपूर्ति, प्रत्येक प्रतिभागी के लिए स्नान तौलिया, बाथरूम स्लीपर,आवश्यक टॉयलेट्री किट जिसमें निम्न सामग्री हो – टूथपेस्ट, टूथब्रश, नहाने का साबुन, हेयर ऑयल पाउच, कंघी, शैम्पू (2 पाउच)इत्यादि, तथा भवन की प्रत्येक मंजिल पर पीने योग्य गर्म व ठंडे जल की व्यवस्था हेतु आर.ओ./वॉटर प्यूरीफायर, सुरक्षा हेतु अग्निशमन यन्त्र, सीसीटीवी कैमराआदि की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए।

10- आवासीय हॉस्टल/भवन में कमरे प्रत्येक अभ्यर्थियों हेतु सभी आवश्यक फर्नीचर जैसे-बैड (बेडशीट-तकिया, कम्बल / रजाई सहित) जिनकी सफाई / धुलाई प्रत्येक बैच की समाप्ति परअवयाश्यक रूप से सुनिश्चित की जाये। इसकेअतिरिक्त प्रत्येकअभ्यर्थि हेतु कुर्सी, स्टडीमेज, आदि की व्यवस्था होनी चाहिए ।

11- आवासीय हॉस्टल स्वामी कमरों में लगे उपरोक्त सभी आवश्यक फर्नीचर/उपकरणों के रखरखाव की व्यवस्था स्वयं करेंगे तथा इसके अतरिक्त हॉस्टल में रसोईघर की व्यवस्था उपलब्ध होना चाहिए जिसमें प्रतिभागियों हेतु बैंक द्वारा खाना बनवाया जा सकें। प्रतिभागियों को साथ बैठकर भोजन करने हेतु डायनिंग हॉल, टी.वी. स्क्रीन की सुविधा सहित उपलब्ध होना चाहिए।

12- आवासीय हॉस्टल में 24 घण्टे विद्युत की निर्बाध रूप से आपुर्ति व वैकल्पिक विद्युत आपुर्ति हेतू जैनरेटर की सुविधा अथवा यथोचित पॉवर का सोलर प्लांट उपलब्ध कराना होगा।

13- आवासीय हॉस्टल में 24 घण्टे केयरटेकर उपलब्ध रहेगा। केयरटेकर अपने अन्य कार्यों के साथ आवागमन रजिस्टर अद्यतन रखेंगे व बैंक स्टाफ के आवागमन के समय समस्त आवश्यक सूचनाये दर्ज करेंगे |

14- आवासीय हॉस्टल स्वामी दैनिक रूम सर्विस व साफ सफाई हेतु अपनी लेबर की व्यवस्था स्वयं करेगें|

15- आवासीय हॉस्टल स्वामी द्वारा हॉस्टल में समाचार पत्र (हिंदी –अंग्रेजी दोनों) तथा पढने हेतु पोडियम की व्यवस्था, सुबह की चाय (बैड टी) की आपुर्ति निर्धारित समय सारिणी के अनुसार की जायेगी ।

16- आवासीय हॉस्टल में साफ सफाई / Hygine का विशेष ध्यान रखा जायेगा । हॉस्टल रुम्स व किचन के कूडे के निस्तारण की व्यवस्था भवन /हॉस्टल स्वामी स्वंय करेगें।

17- आवासीय हॉस्टल के संचालन व्यवस्थाओं, साफ़ सफाई एवं सर्विस के पर्यवेक्षण हेतु बैंक के उच्च अधिकारियों द्वारा समय-समय पर निरिक्षण किया जायेगा । व्यवस्थाये असंतोषजनक पाए जाने पर अनुबंध निरस्त किया जा सकता है व सुरक्षा जमाराशि जब्त की जा सकती है ।

18- वेंडर/भवन स्वामी द्वारा बैंक हेतु उपलब्ध कराये गए कमरों को किसी बाहरी व्यक्ति को नहीं दिया जायेगा। प्रतिभागियों के अतरिक्त बैंक द्वारा बैंक के अन्य स्टाफ को हॉस्टल में ठहरने के लिए अधिकृत किये जाने पर हॉस्टल स्वामी को कोई आपत्ति नहीं होगी | बैंक के साथ कॉन्ट्रैक्ट की अवधि में हॉस्टल/भवन का प्रयोग भवन स्वामी द्वारा किसी अन्य प्रयोग हेतु नहीं किया जाएगा ।

19- सभी सम्बन्धित सरकारी विभागों के NOC/Permission जैसे Food & Drugs, Pollution, Fire, Sales Tax (GST) व etc. के प्रमाण पत्र आदि आवासीय हॉस्टल स्वामी स्वयं प्राप्त कर बैंक को उपलब्ध करायेगें। यदि किसी अनिवार्य सर्टीफिकेट/अनुमति प्राप्त न करने के कारण कोई दण्ड (Penalty/Objection) आदि लगती है तो उसे आवासीय हॉस्टल स्वामी स्वयं वहन करेंगे। इस सम्बन्ध में बैंक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।

उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक

**Uttar Pradesh Gramin Bank**

**Camp Office- Moradabad**

## Technical Bid

Date................................

To

Asst. General Manager
Uttar Pradesh Gramin Bank
Camp Office- Moradabad
Ram Ganga Vihar, Phase 2. Moradabad

Sir,

With reference to your advertisement in daily news paper ..................................................................dated ......................................., we are submitting our Hostel Room Service providing proposal as under.

1- Name-
2- Address -
3- Building/hostel address -
4- Phone No
5- E-mail
6- GST if available
7- PAN No Photo copy attached
8- Security Deposit Rs. 100000/- (Rs. One Lakh Only) in the form of FD/DD in fever of Uttar Pradesh Gramin Bank
9- NOC from all Govt. Department i,e. Food & Drugs, pollution, Fier, Sales Tax (GST) etc. (If not available delerecation can be taken)

Date................
Place.................

Yours faithfully

Name-............................................
Address...........................................
.......................................................
Mobile Number.................................

उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक
Office
Moradabad
UTTAR PRADESH GRAMIN BANK

प्रधान कार्यालय:द्वितीय एवं तृतीय तल, एनबीसीसी कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, वरदान खंड, गोमती नगर एक्सटेंशन, लखनऊ-226010
Head Office: 2nd and 3rd floor, NBCC Commercial Complex, VardanKhand, Gomti Nagar Extension, Lucknow - 226010
email- ho@barodauprrb.co.in

उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक

**Uttar Pradesh Gramin Bank**

**Camp Office- Moradabad**

**Financial Bid**

Date..............................

To

Asst. General Manager
Uttar Pradesh Gramin Bank
Camp Office- Moradabad
Ram Ganga Vihar, Phase 2. Moradabad

Sir,

With reference to your advertisement in daily news paper ..............................................................dated ....................................., we are submitting our Hoatel Room Servise providing proposal as under.

With regard to your advertisement, we submit our rates/quotation as under:-

Rent Per Month- Rs..................................................+GST (Per Month) for ............ Rooms with Double/triple occupancy.

We undertake:

- Rates are per month fixed
- Billing to be done on monthly besis
- List/Name will be provided by the bank and has the right for stay any staff in the hostel.
- Security Amount of Rs. 100000/- (One Lakh only) will be kept in FD with the bank under bank's lien till the term of contract.
- Other condition as per annexure-A are acceptable to us and have been signed by us.
- The rent given above is inclusive of all expenses. I/we will not demand any other expenses apart from this rent.

Signature

Name..........................................................................
Address......................................................................
.......................................................................................
Mobile No...................................................................

उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक * UTTAR PRADESH GRAMIN BANK
Office
Moradabad